संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली – 110069

प्रेस रिलीज
18 अक्तूबर, 2024

संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2025 वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2025 की अधिसूचना 18 सितंबर, 2024 को जारी की गई थी जिसमें आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 08 अक्तूबर, 2024 थी। इसी दौरान, सरकार ने यह निर्णय लिया है कि भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए भर्ती, सिविल सेवा परीक्षा (यातायात, लेखा तथा कार्मिक उप संवर्गों के लिए) तथा इंजीनियरी सेवा परीक्षा (सिविल, वैद्युत, यांत्रिक, सिगनल एवं दूरसंचार तथा भंडार उप संवर्गों हेतु) दोनों ही परीक्षाओं द्वारा की जाएगी। रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना को भी 9 अक्तूबर, 2024 को जारी किया है।

भारतीय रेल प्रबंधन सेवा को इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2025 में शामिल करने संबंधी सरकार के निर्णय के दृष्टिगत, दिनांक 09.10.2024 (अर्थात् आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख के अगले दिन (08.10.2024)) से संशोधन हेतु खोले जाने वाली विंडो पर रोक लगा दी गई थी। अब, आयोग ने 18 अक्तूबर, 2024 से 22 नवंबर, 2024 तक नई आवेदन विंडो खोलने का निर्णय लिया है, जिसमें नए आवेदकों के साथ ही अनुशेष के संबंध में पुराने आवेदक (जिन्होंने 18 सितंबर, 2024 से 8 अक्तूबर, 2024 तक की मूल आवेदन विंडो के दौरान आवेदन किया था) परिवर्तन कर सकते हैं। इसके पश्चात्, सभी उम्मीदवारों को 23 नवंबर, 2024 से 29 नवंबर, 2024 तक 07 दिन की एक संशोधन/परिवर्तन विंडो प्रदान की जाएगी जिसके दौरान उम्मीदवार अपने विवरण में संशोधन/परिवर्तन कर सकेंगे। जिन उम्मीदवारों ने 18 सितंबर, 2024 से 08 अक्तूबर, 2024 के दौरान आवेदन विंडो की अवधि में पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि वे नई आवेदन विंडो तथा संशोधन/परिवर्तन विंडो के दौरान अपने विवरण, यदि अपेक्षित हो तो, अद्यतन कर सकते हैं।

इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2025 के उम्मीदवारों को तैयारी करने के लिए उपयुक्त समय देने के लिए आयोग ने इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) तथा इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2025 को स्थगित करने का भी निर्णय लिया है। इंजीनियरी सेवा परीक्षा (प्रारंभिक) 2025 तथा इंजीनियरी सेवा परीक्षा (प्रधान) 2025 अब क्रमशः 08 जून, 2025 तथा 10 अगस्त, 2025 को आयोजित होंगी।

इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2025 के नियम तथा नोटिस हेतु अनुशेष 18 अक्तूबर, 2024 को जारी कर दिया गया है। इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 2025 के उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा हेतु आवेदन करने से पूर्व इनका अवलोकन कर लें।

****

UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION
DHOLPUR HOUSE, SHAHJAHAN ROAD,
NEW DELHI-110069

PRESS RELEASE

OCTOBER 18, 2024

As per Union Public Service Commission's Annual Programme of Examination, 2025, notification for Engineering Services Examination, 2025 (ESE, 2025) was issued on 18th September 2024 with last date of receipt of applications as 8th October 2024. Meanwhile, the Government has decided that the recruitment to the Indian Railway Management Service (IRMS) will be made both through the Civil Services Examinations (for Traffic, Accounts and Personnel Sub-cadres) and ESE (for Civil, Electrical, Mechanical, Signal & Telecommunication and Stores Sub-cadres). The Ministry of Railways has also notified Indian Railway Management Service (Amendment) Rules, 2024 on 9th October 2024.

Keeping in view of the decision of the Government for inclusion of IRMS in ESE, 2025, the opening of Correction Window from 09.10.2024 (i.e. from next day of last date for receipt of application (08.10.2024)) was put on hold. Now the Commission has decided to open new Application Window from 18th October 2024 to 22nd November 2024 for new applicants and also to enable old applicants (who have applied during the original Application Window of 18th September to 8th October 2024) to make changes w.r.t. Addendum. Thereafter, a correction / edit window of 7 days will be provided from 23rd November, 2024 to 29th November 2024 to all the applicants during which they will be able to modify/edit their particulars. The candidates, who have already applied during the application window during 18th September, 2024 to 8th October 2024, need not apply again. They may however update their particulars during the new Application Window and correction / edit window, if required.

In order to give sufficient time to the aspirants of ESE 2025 to prepare for the examination, the Commission has also decided to postpone the ESE (Preliminary) and ESE (Main) Exam, 2025. The ESE (Preliminary) 2025 and ESE (Main) 2025 will now be held on 8th June 2025 and 10th August 2025 respectively.

Addendum to the Rules and Notice for ESE 2025 has been issued on 18th October 2024. Aspirants for the ESE 2025 are advised to go through the same before applying for the examination.

****